षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-12 सोमवार, दिनांक-15 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण द्वारा राज्य में बाढ़ की विभीषिका पर विशेष चर्चा कराने की मांग की गई ।

आसन द्वारा कहा गया कि राज्य के कई जिलों में आई बाढ़ से आसन एवं सदन दोनों अवगत है और इसकी चिंता भी करता है । साथ ही विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि यदि आप लोग नियमावली के तहत विशेष चर्चा कराने के लिए लिखित अनुरोध करेंगे तो इस पर सार्थक विमर्श हो सकता है ।

माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि वे सरकार को लिखित सुझाव दे दें ।

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 60 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-1141 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा पुनः माननीय सदस्यों से वेबसाइट पर अपलोड हुए उत्तर को पढ़ कर आने का अनुरोध किया गया, जिससे सदन का समय बच सके ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री मो० नवाज आलम, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री यदुवंश कुमार यादव तथा श्री ललित कुमार यादव, श्री सत्यदेव राम एवं श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा अलग-अलग प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना आसन द्वारा अमान्य किये जाने पर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा कहा गया कि बाढ़ की विभीषिका पर सरकार को अपने कार्य योजना से सदन को अवगत कराना चाहिए ।

माननीय मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव कहा गया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कल बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया गया और विभागीय पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किया गया तथा आज भी माननीय मुख्यमंत्री हवाई सर्वेक्षण के लिए गए हुए हैं । उनके सदन में लौटने के उपरांत सरकार की ओर से उत्तर दिया जाएगा ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि इस विषय पर चर्चा के लिए मैंने आप लोगों को कई विकल्प पहले ही बता चुके हैं और आप चाहें तो सदन में सार्थक विमर्श कराया जा सकता है ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[3] **वित्तीय कार्य** :-

वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-09 (ऊर्जा विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, पर्यटन विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री कुमार सर्वजीत

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री राज किशोर सिंह
(iii) श्री सत्यनारायण सिंह
(iv) श्री रामदेव राय
(v) श्री राम विशुन सिंह
(vi) श्री राजकुमार राय
(vii) श्री जिवेश कुमार
(viii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(ix) श्रीमती समता देवी
(x) श्री बशिष्ठ सिंह
(xi) श्रीमती गायत्री देवी
(xii) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान
(xiii) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(xiv) श्री सुदामा प्रसाद
(xv) श्री उमेश सिंह कुशवाहा
(xvi) श्री अशोक कुमार सिंह (203)
(xvii) श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम
(xviii) श्रीमती बेबी कुमारी
(xix) श्री निरंजन कुमार मेहता

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xx) श्रीमती अनीता देवी

वाद-विवाद की समाप्ति के उपरांत आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि राज्य में बाढ़ के हालात एवं उसपर सरकार के जो प्रयास हैं, के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री कल दिनांक-16.07.2019 को प्रश्नकाल के तुरंत बाद यानी 12 बजे अपना वक्तव्य देंगे ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 46 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-16 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।